		प्रथम रूपया 5200—20200 तथा ग्रेड वेतन 2400 ही अनुमन्य होगा वर्तमान में दिनांक 30—11—1994 से पूर्व नियुक्त लेखपाल 16 वर्ष की समान सेवा पर द्वितीय ए0सी0पी0 के रूप में ग्रेड पे रूपया 4200/—प्राप्त कर रहे हैं किन्तु दिनांक 30—11—94 के बाद नियुक्ति लेखपाल द्वितीय ए0सी0पी0 के रूप में रूपया 2800/—प्राप्त कर रहे हैं जिसके फलस्वरूप लेखपाल सम्वर्ग की ए0सी0पी0 की विसंगति को दूर करने के लिये वर्ष 1994 के बाद नियुक्ति लेखपालों को भी प्रथम ए0सी0पी0 के रूप में ग्रेड पे 2800/—दिये जाने पर विचार किया जा सकता है। इस विसंगति के कारण लेखपाल सम्वर्ग में दो उपवर्ग बनने की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। पदोंन्नति के अवसर कम होने व पदोन्नति में Stagnation के दृष्टिगत इस विसंगति को दूर करने हेतु लेखपाल संम्वर्ग को प्रथम ए0सी0पी0 के रूप मे दस वर्ष की सेवा पर ग्रेड पे 2400 के स्थान पर 2800 अनुमन्य दिया जाना समीचीन होगा। उक्त व्यवस्था लेखपाल सम्वर्ग में उत्पन्न उक्त विसंगति को दूर करने के लिये वर्ष 1994 के बाद नियुक्त लेखपालों पर ही लागू होगी। तदनुसार शासन को प्रस्ताव प्रेषित किये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।
2	लेखपाल द्वारा किये जाने वाले कार्य के घंटे एवं कार्य की परिस्थितियों/महत्व को दृष्टिगत रखते हुए लेखपाल सेवा को तकनीकी एवं विशिष्ट सेवा मानते हुए लेखपाल सेवा को तकनीकी एवं विशिष्ट सेवा मानते हुए मा0 राजस्व परिषद की संस्तुति दिनांक 06—10—2008 के अनुसार लेखपाल का प्रारम्भिक वेतनमान वेतन बैण्ड रू0 5200—20200 व ग्रेड पे रू0 2800/—किया जाये।	लेखपालों को राजस्व विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों के विविध कार्य भी करने पडते हैं तथा ग्राम स्तर पर प्रशासन का प्रतिनिधित्व करने के कारण अन्य विभागों के ग्राम स्तरीय कर्मचारियों के कार्यों में भी सहायता करनी पडती है, इसके विपरीत अन्य विभाग के ग्राम स्तरीय कर्मचारी लेखपाल के कार्यो में किसी प्रकार की सहायता करने हेतु सक्षम नहीं होते है। राजस्व संहिता 2006 के कियान्वयन के पश्चात लेखपाल के कार्यों एवं दायित्वों में वृद्वि हुई है। लेखपाल कम्पास, गुंनिया, कंधी, जरीब, टोटल सर्वे, कम्प्यूटर आदि तकनीकी उपकरणों का प्रयोग कर नक्शा ट्रेसिंग, सीमांकन मैप डिजिटलाईजेशन, ई—डिस्ट्रिक्ट खतौनी खसरा का कम्प्यूटरीकण, काप कटिंग आदि तकनीकी कार्य करता है, जिन्हें दृष्टिगत रखते लेखपाल सम्वर्ग को तकनीकी सम्वर्ग घोषित किया जा सकता है। परिषद द्वारा 06 अक्टूबर 2008 को लेखपाल सम्वर्ग का प्रारम्भिक वेतनमान 4500—7000 किये जाने की संस्तुति शासन को भेजी गयी है । उक्त संस्तुति के पश्चात लेखपाल के कार्य एवं दायित्वों में और वृद्वि हुई है। अतः मा0 परिषद द्वारा लेखपाल सम्वर्ग का प्रारम्भिक वेतनमान वेतन बैण्ड रू0 5200—20200 व ग्रेड पे रू0 2800/—किये जाने की संस्तुति पर मत स्थिर